**खबर संक्षेप**

### मैहर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर अलाउद्दीन खां स्टेडियम से निकली रन फार यूनिटी



**मैहर।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को मैहर के अलाउद्दीन खां स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी और शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों ने देशभक्ति गीत के साथ मैहर स्टेडियम से जेल रोड,कटनी रोड,स्टेट बैंक चैराहा से घंटाघर होते हुए स्टेडियम तक दौड़ लगाई। स्टेडियम में समापन अवसर पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,एसडीएम दिव्या पटेल,सीएसपी महेंद्र सिंह,सीएमओ सुषमा मिश्रा,संतोष सोनी,सत्यभान सिंह,कुलदीप तिवारी,सतीश मिश्रा सहित पुलिस विभाग,नगर पालिका के कर्मचारी, भारत विकास परिषद,एनजीओ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रंगोली कार्यक्रम



**मैहर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता की भावना को बढ़ावा देने हेतु पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें पुलिस विभाग के जवानों, महिला बाल विकास विभाग एवं आधार संस्था की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को रंगोली के रंग एवम आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई,जिनके द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस से सम्बन्धित मनमोहक रंगोलियां प्रस्तुत की गईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रतिभागियों की कला की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**महुडऱ गांव में हुआ भव्य स्वागत, युवाओं से कहा-आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी**

# नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी जन्मभूमि सतना पहुंचे

**सतना।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का शुक्रवार को उनकी जन्मभूमि सतना जिले की रामपुर बाघेलान तहसील अंतर्गत ग्राम महुडऱ में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया और युवाओं को संबोधित करते हुए आत्म विश्वास को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद रहे। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी अपनी धर्मपत्नी शशि त्रिपाठी के साथ महुडऱ पहुंचे। उनके स्वागत में अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं,स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सम्मान समारोह के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं।

### जब अवसर मिलता है तब यहां आता हूं

एडमिरल त्रिपाठी ने अपने जीवन की प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए बताया कि वे मात्र आठ वर्ष की आयु में पढ़ाई के लिए गांव से निकले थे,लेकिन अपनी मिट्टी से कभी दूर नहीं हुए। उन्होंने कहा, 'जब भी अवसर मिलता है,मैं महुडऱ लौटता हूं ताकि इस पवित्र धरती को नमन कर सकूं। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई अपनी क्षमताओं को पहचान ले और निष्ठा से प्रयास करें



तो सफलता निश्चित है। उन्होंने आत्मविश्वास को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए इसे हर व्यक्ति के लिए 'सेल्फ कॉन्फिडेंस बूस्टर बताया।

### कहा- नौसेना व्यापार-सीमा सुरक्षा की मजबूत रीढ़

देश की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारत के 95 प्रतिशत आयात-निर्यात का संचालन समुद्री मार्गों से होता है।ऐसे में नौसेना देश के व्यापार और सीमाओं की सुरक्षा की मजबूत रीढ़ है।उन्होंने गर्व से कहा कि भारतीय नौसेना हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए सतर्क और संकल्पित है। महुडऱ में पहली बार किसी नौसेना प्रमुख के आगमन पर पूरा गांव गौरव और उत्साह से भरा हुआ था। नौसेना प्रमुख के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन विशेष सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था में जुटा रहा। समारोह के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही महुडऱ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को आइएनएस विक्रांत स्वरूप का स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा स्मार्ट क्लास संचालन के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की।

# क्रेन हवा में अटकी, सांसद ने ऑपरेटर को थप्पड़ जड़ा

### अंबेडकर प्रतिमा पर माला चढ़ाकर उतरते वक्त झटका लगा तो भड़के सांसद

**सतना।** क्रेन में बैठे सतना सांसद गणेश सिंह को झटका लगा तो वे ऑपरेटर पर भड़क गए। उसे सबके सामने थप्पड़ मार दिया। मामला शुक्रवार को सरदार पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का है। इसका वीडियो भी सामने आया है। सांसद गणेश सिंह ने सुबह रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। इसके बाद वे सेमरिया चौक पहुंचे। यहां क्रेन के हाइड्रोलिक बॉक्स में चढ़कर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नीचे आते समय मशीन अचानक झटके से बीच में रुक गई। सांसद कुछ देर हवा में ही अटके रहे। मशीन हिली तो असंतुलन की स्थिति बन गई। घटना को लेकर भाजपा नेत्री नीता सोनी ने कहा कि सांसद ने तो केवल ऑपरेटर को थप्पड़ मारा है। उसके तो हाथ-पैर तोड़ देने चाहिए।

### ऑपरेटर को बुलाया,थप्पड़ मार दिया

इसी बीच सांसद ने ऑपरेटर गणेश कुशवाहा को अपने पास बुलाया। उसका हाथ खींचते हुए नाराजगी जताई। फिर थप्पड़ मार दिया। गणेश कुशवाहा नगर निगम की विद्युत शाखा में मस्टर कर्मचारी है। नगर निगम की विद्युत शाखा की हाइड्रोलिक क्रेन में ही सांसद सवार थे। घटना के समय मौके पर भाजपा कार्यकर्ता और प्रशासनिक



अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। इनमें से किसी ने मोबाइल से पूरी घटना का वीडियो बना लिया।

### ऑपरेटर बोला- क्षमता दो की, केबिन में तीन लोग चढ़े

ऑपरेटर गणेश कुशवाहा ने बताया कि हाइड्रोलिक क्रेन के केबिन की क्षमता अधिकतम दो लोगों की है। इसमें औसत 125 किलो वजन तक सहन किया जा सकता है। जब माल्यार्पण के लिए राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय एक साथ केबिन में चढ़े, तभी वजन अधिक होने पर आपत्ति की गई थी। ऑपरेटर गणेश कुशवाहा ने कहा कि माल्यार्पण कराने के बाद केबिन नीचे लाया गया।राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी आसानी से उतर गईं,लेकिन सांसद गणेश सिंह के उतरने में दिक्कत हुई। समर्थकों के कहने पर केबिन को और नीचे लाया गया तो जर्क लग गया। थप्पड़ मारने की बात को उन्होंने सहज अंदाज में लेते हुए कहा कि ये सब चलता है।

### कांग्रेस ने कहा- भाजपा नेता अहंकार में

कांग्रेस ने घटना को आपत्तिजनक बताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अभिनव बरौलिया ने कहा- सांसद द्वारा कर्मचारी को चांटा मारना बताता है कि भाजपाई किस तरह से दंभ और अहंकार में हैं। यह बताता है कि भाजपा,जनता और किसी की नहीं है,सिर्फ अहंकार की है।

# दहेज हत्या मामले में पति को आजीवन कारावास

### सतना में सास को 10 साल की सजा,शादी के 6 महीने बाद प्रताड़ित करना शुरू किया

**सतना।** सतना के उचेहरा की द्वितीय अपर सत्र न्यायालय ने शुक्रवार को दहेज के लिए नवविवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले पति धीरज सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।कोर्ट ने आरोपी की रहम की अपील को खारिज करते हुए सास शकुंतला सिंह को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 7-7 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है। यह फैसला न्यायाधीश सदाशिव डॉगौड़े की अदालत ने सुनाया। मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक राजेश मिश्रा ने की।शादी के छह माह बाद ही शुरू हुई दहेज की प्रताडऩा

अभियोजन के अनुसार,मृतका ज्योति सिंह की शादी आरोपी धीरज सिंह से 8 मई 2017 को हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही आरोपी मां-बेटे ने एक लाख रुपए दहेज की मांग शुरू कर दी थी। ज्योति को अक्सर मारपीट और भूखा रखने जैसी यातनाएं दी जाती थीं। गर्भावस्था के दौरान भी उस पर अत्याचार जारी रहे। लगातार दबाव के चलते ज्योति की मां ने 50 हजार रुपए आरोपियों को दिए, लेकिन अत्याचार नहीं रुके।

### चार दिन भूखा रखा, फिर उसी रात ज्योति ने फांसी लगा ली

1 मार्च 2021 को ज्योति ने अपनी मां को फोन पर बताया था कि मुझे चार दिन से खाना नहीं दिया जा रहा है, 50 हजार रुपए के लिए मारपीट की जा रही है। उसी रात ज्योति ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उचेहरा थाना पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान धारा 304 बी (दहेज मृत्यु), 498ए (क्रूरता) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत आरोप प्रमाणित पाए गए।

### सजा सुनते ही कोर्ट में सन्नाटा, मां-बेटे के चेहरे पर मायूसी

फैसले के दौरान कोर्ट में सन्नाटा छा गया। जैसे ही न्यायाधीश ने धीरज सिंह को उम्रकैद और सास शकुंतला सिंह को 10 साल की सजा सुनाई,मां-बेटे के चेहरे पर मायूसी छा गई।



# सरदार पटेल जयंती पर बीजेपी की एकता रैली



### सतना में छात्रों की दौड़, बच्चों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार को सतना में 'रन फॉर यूनिटी दौड़ निकाली गई। दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम से पुलिस परेड ग्राउंड तक हुई इस दौड़ में कॉलेज-स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। नेताओं और अफसरों ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इससे पहले भाजपा नेताओं ने शहर में रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत स्टेडियम में हुई,जहां राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार समेत प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मौजूद रहकर सभी को एकता के लिए दौडऩे का संदेश दिया। दौड़ मुख्य मार्गों से होते हुए परेड ग्राउंड पहुंचकर समाप्त हुई।

### भाजपा ने पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकाली रैली

दौड़ से पहले भाजपा नेताओं ने जिला अस्पताल परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद स्टेशन रोड,कोतवाली चौक और धवारी तिराहा होते हुए रैली स्टेडियम पहुंची। रैली में कार्यकर्ता तिरंगा और पार्टी का झंडा लहराते हुए चल रहे थे।

### उपखंडों में भी आयोजन,बच्चों को दिलाई शपथ

नागौद में पुलिस और स्कूली बच्चों के साथ रन फॉर यूनिटी आयोजित हुई। दौड़ के बाद एसडीओपी रघु केशरी और थाना प्रभारी अशोक पांडेय सहित स्टाफ ने एकता की शपथ ली। इसी तरह मझगवां और चित्रकूट में भी छात्रों और पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प दिलाया गया।

# सेवा दल ने इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि व वल्लभ भाई जी की जयंती मनाई गई

**मैहर।** कांग्रेस सेवा दल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती का आयोजन कांग्रेस सेवा जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में व जिला अध्यक्ष धर्मेश घई वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमापति गौतम केशव प्रसाद चौरसिया पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मनीष पटेल ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी किसान नेता अमृतलाल पटेल रमेश प्रजापति राम प्रकाश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ पटेल जी,इंदिरा जी के चित्रपट पर माल्यार्पण दीप प्रज्जुलन कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का सेवादल के साथियों द्वारा स्वागत किया गया कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा की आयरन लेडी के नाम से मशहूर और देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी नेअपनी हत्या से ठीक 1 दिन पहले भुवनेश्वर में अपना आखिरी भाषण दिया था उनके भाषण को सुनकर कांग्रेस नेता भी हैरान हो गए थे क्योंकि उनको आभास हो गया था कि मेरी हत्या हो जाएगी श्री मिश्रा ने पटेल जी के जयंती के अवसर पर बोलते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता



आंदोलन में भाग लिया और देश के एकीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई आजादी के बाद उन्होंने भारत की लगभग 552 रियासतों को भारतीय संघ में शामिल कराया जिसके कारण उन्हें लोह पुरुष कहा गया जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि आज के ही दिन 31 अक्टूबर 1984 की सुबह श्रीमती इंदिरा गांधी के अंगरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी उन्होंने अपने भाषण में कहा था मैं आज यहां हूं कल शायद यहां ना रहा हूं मुझे चिंता नहीं मैं रहूं या ना रहूं मेरा लंबा जीवन रहा और मुझे इस बात का गर्व है कि मैं अपना पूरा जीवन अपने लोगों की सेवा में बिताया पटेल जी की जन्म जयंती पर बोलते हुए श्री घई ने कहा कि पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नडियाद गुजरात में हुआ था उनके अधिकार शिक्षा स्वाध्याय से हुई उन्होंने इंग्लैंड से बैरिस्टर की पढ़ाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत शुरू की वे अपने भाइयों में चौथे नंबर उनके दो बच्चे थे मणिबेन और दहा भाई पटेल केशव प्रसाद चौरसिया ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता थे जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन और भारत के राजनीति बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ब्लॉक प्रभात द्विवेदी ने कहा कि स्वर्गीय पटेल जी दृढ़ इच्छा शक्ति मजबूत नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता उनकी प्रमुख विशेषता थी उनके इसी गुण के कारण भारत को मजबूत संगठन प्राप्त हुआ इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे नगर अध्यक्ष मुकेश सेन महिला अध्यक्ष सुषमा अर्जरिया अमदरा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सुनील कोरी मुमताज मोहम्मद कोडू लाल रजक राजेंद्र शर्मा अश्विनी द्विवेदी उमाशंकर तिवारी अभिषेक सेन अरुण कुशवाहा वीरेंद्र नामदेव महेंद्र रजक सुनील विश्वकर्मा महेंद्र रजक उमाशंकर तिवारी अश्विनी द्विवेदी मोहम्मद जहीर रतन सेन रवि नंदन प्रजापति ताज मोहम्मद सियानंद रजक सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# एकेएसयू में "कंक्रीट टॉक" विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

### सिविल इंजीनियरिंग एवं सीमेंट टेक्नोलॉजी विभाग के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,के सिविल इंजीनियरिंग एवं सीमेंट टेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कंक्रीट टॉक विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह सत्र विशेष रूप से बीटेक एवं डिप्लोमा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था,जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ना एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रलोव श्रीवास्तव एवं सीमेंट टेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरव शुक्ला ने किया।अदानी सीमेंट से आए उद्योग विशेषज्ञ राहुल तिवारी,रोहित त्रिपाठी एवं अमन सिंह ने छात्रों को कंक्रीट टेक्नोलॉजी के नवीन रुझान,सीमेंट निर्माण प्रक्रिया,गुणवत्ता नियंत्रण,सतत विकास तथा



नवाचार आधारित निर्माण सामग्री की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी।सत्र के दौरान उन्होंने वास्तविक परियोजनाओं के केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को उद्योग के वास्तविक परिदृश्य से परिचित कराया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न तकनीकी प्रश्न पूछे,जिनमें सीमेंट की गुणवत्ता,कंक्रीट की स्थायित्व क्षमता,तथा उद्योग की अपेक्षाएँ जैसे विषय शामिल रहे। अदानी सीमेंट के विशेषज्ञों ने छात्रों की जिज्ञासा और तकनीकी समझ की सराहना की। अतिथियों का आभार प्रदर्शन मोमेंटो एवं आभार ज्ञापन के साथ किया गया। विश्वविद्यालय परिवार ने अदानी सीमेंट का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह सत्र छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में अदानी सीमेंट के विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक कंक्रीट तकनीक पर व्याख्यान मूलतः वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं के केस स्टडी से संबंधित रहा।

**छात्रों और विशेषज्ञों के बीच सार्थक संवाद**

सिविल एवं सीमेंट टेक्नोलॉजी विभागों की संयुक्त पहल पर हुआ। कार्यक्रम में इं.विशुतोष बाजपेयी, इं.सतीश तिवारी,इं.श्रद्धा पांडेय,इं.गरिमा पांडेय,इं.ऋचा त्रिपाठी,इं.आकांक्षा अग्रवाल उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' मेराथ



**पन्ना।** भारतीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी सद्भावना दौड़ का आयोजन आज दिनांक 31/10/25 को थाना धरमपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर एक भारत श्रेष्ठ भारत हेतु राष्ट्रीय एकता के संबंध में धर्मपुर थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत द्वारा शपथ दिलाई गयी एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र सैकड़ों युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु एवं स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

## शिवबीर सिंह ने भाला फेंक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन



**पन्ना।** भोपाल में आयोजित 69 वें स्कूल स्टेट गेम्स मध्यप्रदेश 2025 में पन्ना के शिवबीर सिंह ने भाला फेंक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार श्री सोबरन सिंह राजपूत शिक्षक ग्राम रामनई तहसील अजयगढ़ के पुत्र शिववीर सिंह ने राज्य स्तरीय भाला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जहां पन्ना से एक मात्र पदक प्राप्त किया।







# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर पन्ना पुलिस द्वारा "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के ध्येय के साथ एकता दौड़ का किया गया आयोजन

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर, शपथ कार्यक्रम, एकता दौड़ एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, स्कूली विद्यार्थियों एवं पुलिस बल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस लाइन पन्ना मे आयोजित मुख्य कार्यक्रम मे सभी उपस्थित जनो द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ ली तद्पश्चात एकता दौड़ को कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त दौड़ में भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, एस.डी.एम पन्ना संजय नागवंसी, रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, पत्रकार बंधु ,विद्यार्थी, खेल प्रेमी, समाजसेवी एवं आम नागरिकों सहित बड़ी संख्या मे पुलिस अधिकारी-कर्मचारी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू स्वयं सक्रिय रूप से पूरी दौड़ में शामिल रहीं एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। दौड़ पुलिस लाइन पन्ना से प्रारंभ होकर बी.टी.आई. चौराहा, बस स्टैंड, बेनीसागर, अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः पुलिस लाइन पन्ना में आकर संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल जी के योगदान को स्मरण करते हुए उपस्थित सभी जनों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति के प्रति संकल्प लिया।

# शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन शिव विवाह का प्रसंग सुनाया





**पन्ना।** शहर की रानीगंज मोहल्ला ज्वाला देवी मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय शिव महा पुराण कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित श्री प्रमोद कृष्ण जी महाराज ने शिव विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए है, परंतु शिव ने विवाह भी कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुशरण करने का तरीका दिया। कथा वाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान के वाहक नन्दी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। शिव के गले मे सर्प रहते हैं जो सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना ही शिव पुराण सिखाता है। भगवान के विवाह के वर्णन में मैनादेवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप मे मां पार्वती का जन्म लेना। प्रारम्भिक काल मे शिव की तपस्या करना, उसी दौरान तारका सुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का तन्द्रा भंग हुई। तब जाकर शिव पार्वती का विवाह हुआ। इसी दौरान भजनों में ऐ री सखी मंगल गाओ री, खुशियां मनाओ री। शुभ दिन आयो आज सखी री,मंगल आशा मन को सोहे। श्रद्धालुओं के बीच भजन की अमृत वर्षा हुई। शिवा महापुराण के मुख्य श्रोता कुलदीप सिंह यादव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उमा यादव हैं। शिव महापुराण के आयोजन करता देवेंद्र सिंह यादव श्रीमती जसोदा यादव बृजेंद्र सिंह यादव श्रीमती जया यादव, संदीप यादव एवं समस्त यादव परिवार रानीगंज मोहल्ला ने समस्त शिव महापुराण कथा के भगवत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल स्थल में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# आजकल बैंकों में 'डब्बे में डालो' व्यवस्था से ग्राहक असहज, काउंटर पर चेक जमा करने की सुविधा न देना आरबीआई दिशा-निर्देशों के विपरीत

### सुव्यवस्थित बैंकिंग व्यवस्था के बावजूद ग्राहकों की मनोवैज्ञानिक सुरक्षा और पारदर्शिता तथा प्राप्त और जमा के मैसेज न प्राप्त होने पर उठ रहे सवाल

**पन्ना।** आजकल देशभर की अनेक बैंक शाखाओं में चेक जमा करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। अधिकांश बैंक अब ग्राहकों को काउंटर पर चेक स्वीकार करने के बजाय यह कहते हैं कृ "चेक ड्रॉप बॉक्स में डाल दीजिए। ग्राहक भी सुविधा के चलते ऐसा ही करते हैं। यद्यपि अब तक किसी चेक के खोने या गुम होने की घटनाएँ लगभग नहीं सुनी गईं, फिर भी लोगों के मन में यह व्यवस्था असुरक्षा और अनिश्चितता की भावना उत्पन्न करती है, क्योंकि चेक जमा करने के बाद ग्राहक के पास कोई प्रमाण नहीं रहता कि उसने चेक कब और कहाँ जमा किया था। रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देश स्पष्ट हैं भारतीय रिज़र्व बैंक (ठप्) की' चेक क्लेशन पॉलिसी' के अनुसार, प्रत्येक बैंक को ग्राहकों के लिए दोनों विकल्प उपलब्ध कराना आवश्यक है। 1, यदि ग्राहक चाहे तो चेक ड्रॉप बॉक्स में डाल सकता है। 2. और यदि वह रसीद चाहता है, तो उसे काउंटर पर चेक जमा करने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसका अर्थ है कि बैंक ग्राहक को ड्रॉप बॉक्स का विकल्प दे सकता है, अनिवार्यता नहीं। यदि किसी शाखा में केवल "डब्बे में डालो" व्यवस्था अपनाई गई है और काउंटर पर जमा करने से रोका जाता है, तो यह आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन माना जा सकता है।

### ग्राहकों की भावना

सुविधा के साथ विश्वास भी आवश्यक ग्राहकों का कहना है कि आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से सेवा तो सुचारू हुई है, परंतु विश्वास और पारदर्शिता का तत्व भी उतना ही आवश्यक है। उनकी अपेक्षा है कि हर शाखा में दोनों विकल्पकृड्रॉप बॉक्स और काउंटर स्वीकार्यताकृसमान रूप से उपलब्ध हों, ताकि कोई ग्राहक असहज महसूस न करे और चेक जमा करने का प्रमाण भी उसे मिल सके।

### संतुलित दृष्टि

यह सच है कि बैंकिंग व्यवस्था आज अत्यंत व्यवस्थित, तकनीकी और सुरक्षित हो चुकी है, लेकिन ग्राहक की मानसिक संतुष्टि भी सेवा का अभिन्न हिस्सा है। यदि बैंक प्रबंधन ग्राहकों की इस भावनात्मक सुरक्षा का सम्मान करते हुए दोनों विकल्पों को समान महत्व दे, तो यह कदम न केवल आरबीआई नियमों के अनुरूप होगा, बल्कि जनविश्वास को भी और अधिक सुदृढ़ करेगा।

मनाई गई सरदार पटेल की 150वीं जयंती

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर पवई में किया गया मैराथन दौड़ का आयोजन

### राष्ट्रीय एकता की ली गई शपथ



**पवई।** देश प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिले के पवई में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी के तहत विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया,जिसमें पवई एसडीओपी भावना सिंह दांगी,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी जनप्रतिनिधियों,पत्रकार साथियों सी एम राइस विद्यालय के शिक्षकों के साथ बच्चों ने भाग लिया। यह मैराथन दौड़ संदीपनी सी एम राइस विद्यालय से प्रारंभ होकर मिलौनी गंज,मोहन्द्रा तिराहा से होती हुई कन्या शाला के पास संपन्न हुई। इस दौरान थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी के द्वारा सभी को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर तहसीलदार त्रिलोक सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, जिला महा मंत्री दीपेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,मंडल उपाध्यक्ष अजित बड़ोलिया, सी.बी. गौतम, कान्हु राजा, प्रदीप मिश्रा,जमुना खटीक,आर पी बागरी,हरिराम पटेल, प्रतीक ताम्रकार, मंकु श्रीवास्तव, सत्यपाल सिंह,रामभुवन बागरी,जफर खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आपको बता दें कि हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।यह दिन महान व्यक्तित्व वाले सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है। जिसने बिखरी रियासतों के भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया, बे सिर्फ भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री नहीं थे,बल्कि भारत के लौह पुरुष के रूप में उस एकता के प्रतीक बने जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी। राष्ट्रीय एकता दिवस के मानने की शुरुआत सन 2014 से हुई थी, इसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन स्कूलों,कॉलेज,सरकारी संस्थाओं और संगठनों में रन फॉर यूनिटी के तहत मैराथन दौड़ व विभिन्न प्रकार के देशभक्ति युक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश है ष्एक भारत श्रेष्ठ भारतष् सरदार पटेल ने आजादी के बाद भारत जो 562 रियासतों में बंटा था,ऐसे समय में अपनी अदम्य इच्छा शक्ति राजनीतिक कुशलता और दृढ़ नेतृत्व से इन रियासतों का भारत संघ में विलय कराया, उनके प्रयास से ही हैदराबाद जूनागढ़ और कश्मीर जैसी बड़ी रियासतों का भारत में एकीकरण संभव हुआ। उन्होंने स्टेट्स री ऑर्गेनाइजेशन कमेटी की नींव रखी,जिससे भारत में एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे का उदय हुआ।

# थाना देवेंद्रनगर में एकता दौड़ का आयोजन, शिवांगी गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद व थाना प्रभारी राम आसरे सोनकर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देवेन्द्रनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस थाना देवेंद्रनगर थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम एकता दौड़ का आयोजन बालक हायर सेकेंडरी देवेंद्रनगर से हुआ जहां नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी ललित गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त दौड़ मे धावकों ने उत्साहपूर्व भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी ललित गुप्ता एवं थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर द्वारा पुष्पमाला पहनाकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।



# सड़क पर दौड़ती बसों की तकनीकी जांच जरूरी, दुर्घटनाओं से बचाव के लिए बस मालिक और चालक रहें सतर्क : यातायात थाना प्रभारी



**पन्ना।** दास्तां आज दिनांक यात्री बस जब मोहन निवास चौराहे से छतरपुर की ओर जा रही थी बस में अचानक धुंआ निकलने लगा यात्री घबराहट के हालात में देखे गये वहीं यातायात पुलिस को सूचना दी गई सुरक्षा का ख्याल रखते हुये यातायात पुलिस ने यात्रियों को बाहर तो निकाला ही वहीं बस चालकों व मालिकों के लिये दी हिदायत बसों को सड़क पर चलाने को लेकर सुरक्षा के मापदण्डों को लेकर रखें ख्याल अचानक यात्री बस जो पन्ना से खजुराहो की ओर जा रही थी जिसमें धुंआ निकलने की घटना बस से मोहन निवास चौराहे में घटित हुई बस में सवार यात्री घबराहट से परेषानी भरे हालात को लेकर देखे गये। यातायात पुलिस को सूचना दी गई वहीं यातायात पुलिस तत्काल ही मोहन निवास चौराहे में पहुंचकर यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला सूत्रों की मानें तो बस में आग लगने की अषंका को लेकर यात्री परेषानी के हालात में जा पहुंचे थे वहीं यातायात पुलिस ने यात्रियों को बाहर तो निकाला ही सुरक्षित साथ ही यात्री बसें जो भी सड़कों पर चलाई जा रही है उनके चालकों को हिदायत दी बस चलाने के पहले बस को परखें किसी तरह से असुरक्षा के हालात में बसों का संचालन सड़क पर यात्रियों को लेकर न किया जाये। दुर्घटनाओं से बचने के



लिये सुरक्षा का ख्याल रखना जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करें वहीं बस मालिक भी अपनी बसों को लेकर गौर करें क्योंकि यात्रियों को सुरक्षित सफर या यात्रा तय करने के लिये महती जिम्मेदारी बस चालक की होनी चाहिये साथ ही बस मालिकों को भी अपनी बसों के हालात को लेकर जिम्मेदारी रखना लाजमी है यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्षकार ने जहां भावी भविष्य को ध्यान में रखकर बसों के चालकों व मालिकों के लिये ये हिदायत दी है साथ ही संबंधित बस को जप्त करते हुये कार्यवाही को लेकर संदेष भी दिया है साथ ही बस मालिक व बस चालक के द्वारा बस में क्या कमी थी उसके सुधार को लेकर भी कार्य करने की दिषा तय की गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जहां सुरक्षा का ख्याल रखकर बस से सभी यात्रियों को सुरक्षित यातायात पुलिस ने बाहर तो निकाला ही वहीं भावी भविष्य को ध्यान में रखते हुये यात्रियों की सुरक्षा को लेकर संदेष भी दिया है अब देखना यह है कि इस घटना से सबख लेकर कितना अमल किया जायेगा जहां जिले में खचाड़ा बसें संचालित है धड़ल्ले से सड़कों में दौड़ती नजर आती है क्या इन बसों के परमिट क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के द्वारा भी समय-समय पर निरीक्षण करके जानने की कोषिष की जायेगी कि नहीं हां यह जरूर कभी-कभी नजर आ जाता है जब कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो कानून याद आता है फिर आनन-फानन में बसों की चेकिंग आरंभ हो जाती है इसके बाद कुंभकरणीय नींद में फिर प्रषासन आ जाता है पर धड़ल्ले से बसें खचाड़ा सड़कों में यात्रियों की जान जोखिम को लकर बेपरवाह होकर दौड़ती नजर आती है इतना ही नहीं कितनी सवारी भरी जाती है चालक व परिचालक की ड्रेस क्या होती है मापदण्ड शायद कभी नजर नहीं आते। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्षकार का संदेष हिदायत के रूप में वास्तविकता में अमल किया जायेगा कि नहीं यह भी आने वाला वक्त ही तय करेगा।

## प्रिया पटेल का यूपीएससी में हाइड्रो जियोलिस्ट के पद पर हुआ चयन



### मदेले परिवार पटोरी की गर्वित उपलब्धि

**पन्ना।** जिले के पवई क्षेत्र अंतर्गत पटोरी गांव निवासी पटवारी ब्रजेन्द्र मदेले की बड़ी प्रिया पटेल ने अपनी मेहनत, लगन और अदम्य इच्छाशक्ति से परीक्षा में हाइड्रोजियोलॉजिस्ट के पद पर चयन प्राप्त कर पूरे परिवार, गाँव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है छोटी बेटी डॉक्टर साक्षी पटेल पहले ही एमबीबीएस कर चुकी है। प्रिया बेटी के परीक्षा में हाइड्रोजियोलॉजिस्ट के पद पर चयन होने पर परिवार क्रो बधाई हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ।

# अमानगंज थाना परिसर में 'रन फॉर यूनिटी' मैरथन का आयोजन राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को किया गया नमन

**अमानगंज।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के संकल्प के साथ अमानगंज थाना परिसर में "रन फॉर यूनिटी" मैरथन का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर पुलिस बल, विद्यालयों के छात्र स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैरथन का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय एकता के नारों वाले बैनर लेकर दौड़ लगाई और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया मैरथन थाना परिसर से प्रारंभ होकर जटाशंकर चौपाटी तक किया गया।उसके बाद पुनः थाना परिसर में



मैराथन का समापन किया गया "सरदार पटेल जी ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का जो कार्य किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश की अखंडता और एकता बनाए रखनी है।"

# शिक्षक ने छात्राओं से की अशलील हरकतें, डीईओ ने 5 सदस्यीय टीम गठित कर जांच के लिए भेजी धमौरा स्कूल

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय छतरपुर से महज लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमौरा प्राचार्य की हत्या के बाद अब फिर से शुर्खियों मे आ गया है। एक शाला एक परिसर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमौरा में माध्यमिक तक की कक्षाएं भी संचालित हो रही है।

यहां के प्राथमिक के शिक्षक हरिशंचद्र पटेल पर कुछ अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए प्राचार्य को शिकायती आवेदन पत्र दिया जिसमें बताया गया कि बीते दिवस शिक्षक हरिशचंद्र पटेल शराब के नशे में विद्यालय पहुंचा और कक्षा 4 में पढने बाली दो तीन छात्राओं के साथ अश्रलील हरकतें की और उन्हें कसम दिलाई की। इस बात की जानकारी अपने परिजनों को नहीं बताए लेकिन छात्राओं ने अपने परिजनों को शिक्षक की करतूते जब बताई तो परिजनों ने विद्यालय के प्राचार्य को एक शिकायती आवेदन पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। वहीं इस तरह का आवेदन मिलने पर प्राचार्य ने भी जिला शिक्षा अधिकारी को मूल शिकायती आवेदन सहित जांच के लिए पत्र भेजा। चूंकि मामला नाबालिग छात्राओं से जुड़ा है इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी अरूण शंकर पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित कर दी। इस



कमेटी ने शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक धमौरा पहुंच कर बच्चियों के बयान दर्ज किए और विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य से भी लिखित कथन लिए। जांच दल ने बीआरसी छतरपुर एसपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एडीपीसी सुधीर नामदेव, महेबा के जन शिक्षक दीपक द्विवेदी, और छतरपुर बीईओ को शामिल किया गया है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि शिकायत मिलते ही प्राचार्य द्वारा संबंधित शिक्षक को नोटिस जारी कर 3 दिन में जबाव मांगा गया है। शिक्षक हरिशचंद्र पटेल द्वारा अवकाश के लिए आवेदन दिया गया लेकिन इस अवकाश के आवेदन को प्राचार्य ने स्वीकृत नहीं किया फिर भी शिक्षक हरिशचंद्र पटेल शुक्रवार 31 अक्टूबर को विद्यालय से बिना किसी अवकाश के नदारद रहें। विद्यालय के बच्चों और उनके अभिभावकों का आरोप है कि उक्त शिक्षक हरिशचंद्र पटेल आयेदिन शराब पीकर आता है विद्या के मंदिर में इस तरह यदि शिक्षक ही शराब पीकर पहुंचेगे तो वह बच्चों को क्या शिक्षा देगें।

### इनका कहना है

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमौरा के प्राचार्य की ओर से एक पत्र आया था जिसमें शिक्षक हरिशचंद्र पटेल पर बच्चियों के साथ अश£ील हरकतें करने की शिकायती थी यह पत्र मिलते ही मैने 5 सदस्यीय टीम गठित करकें जांच के लिए आज भेजा था। जांच प्रतिवेदन में यदि इस तरह की घटना सही पाई जाती है तो शिक्षक को निलबिंत करने के साथ ही बर्खास्तगी ओर एफआईआर की कार्यवाही भी हो सकती है।

**अरूण शंकर पाण्डेय**
**प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी**

## खबर संक्षेप

### मोटे के महावीर मंदिर में हवन और भण्डारे का आयोजन सम्पन्न

**छतरपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मोटे के महावीर मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री रामचरित मानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर शुक्रवार को हवन कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया गया।
इस अवसर पर संपूर्ण सुंदरकाण्ड की चौपाइयों का पाठ किया गया। हवन के पश्चात दोपहर लगभग डेढ़ बजे से सतत भण्डारे का शुभारंभ किया गया, जो देर रात तक निरंतर चलता रहेगा।

### रेडक्रास सोसायटी समाजसेवा के लिए ही समर्पित है: अनिरुद्ध सिंह



**छतरपुर।** रेडक्रास सोसायटी छतरपुर द्वारा महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में छात्रों व प्राध्यापकों को हदयाघात के दौरान जीवन रक्षक विधि सीपीआर के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी , रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव अनिरुद्ध सिंह, आरोग्य भारती की जिलाध्यक्ष डॉ निधि रूसिया, नर्मदा अस्पताल के डॉ उत्कर्ष त्रिपाठी, डॉ प्रबल रिछारिया बायो विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना चौहान जी उपस्थित रही कार्यक्रम का सफल संचालन राहुल गुप्ता अग्रहरि ने किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव अनिरुद्ध सिंह ने सोसायटी की जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रास सोसाइटी हमेशा समाज के कल्याण के लिए ही कार्य करती है कोरोना जैसी महामारी में भी रेडक्रास सोसायटी द्वारा समाज के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए भारत सरकार की यह संस्था प्रत्येक असहाय व्यक्ति के साथ खड़ी है। सीपीआर का प्रशिक्षण देने के बाद डॉक्टरों द्वारा छात्रों से इसका डेमो भी करवाया गया जिससे छात्र इसकी बारीकियों को अच्छे से समझ पाए।
विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि यह जीवनरक्षक विधि है हम सभी को इसकी बारीकियों को समझने की आवश्यकता है राष्ट्र के नागरिक होने के नाते अपने समाज ,राष्ट्र ,परिवार , मित्रो व सहपाठियों के लिए यह हमारे लिए आवश्यक है। आरोग्य भारती की जिलाध्यक्ष डॉ निधि रूसिया ने कहा कि डॉ समाज के लिए ही है उसका जीवन समाज को ही समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना खजुराहो क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महिलवार में माह अक्टूबर के प्रारंभ में फरियादी मुलायम सिंह यादव के घर से आभूषण एवं मोबाइल फोन चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना खजुराहो में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम को एकत्रित साक्ष्य के अनुसार आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। जिनका संबंधित स्थान जिला पन्ना एवं जिला सागर में पता लगाया गया। उक्त घटना को अंजाम देने वाले 3 आरोपी सोनू आदिवासी पिता करन आदिवासी निवासी ग्राम महिगवा घाट थाना शाहनगर जिला पन्ना, करन आदिवासी पिता कमल आदिवासी निवासी ग्राम महिगवा घाट थाना शाहनगर जिला पन्ना एवं अनिल आदिवासी पिता सुरेश आदिवासी निवासी ग्राम खामा जिला शहडोल हाल बीना जिला सागर को जिला पन्ना एवं जिला सागर में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी किया गया सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। चोरी की गई शेष संपत्ति एवं फरार अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खजुराहो निरीक्षक प्रशांत सेन, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा गुर्जर, उप निरीक्षक मारकंडेय मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अशोक शर्मा, प्रधान आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक सौरभ तिवारी, सतीश तिवारी, अमित सिंह चंदेल, साइबर से आरक्षक विजय सिंह की भूमिका रही।

### गढ़ी मलहरा थाना में पुलिस महिला मित्र जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न



**गढ़ी मलहरा।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना परिसर गढ़ी मलहरा में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत पुलिस महिला मित्र जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य थाना क्षेत्र की महिलाओं को पुलिस कार्यप्रणाली से जोडना, उन्हें अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करना तथा समाज में महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ाना रहा।कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्रीमती रीता सिंह ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति, अपराधों के विरुद्ध सजग रहने एवं पुलिस सहायता हेतु डायल नंबर 112 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की घटना या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें और समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र की लगभग 115 महिला मित्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी अपने विचार एवं सुझाव साझा किए और पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर थाना स्टाफ सहित ग्राम की प्रमुख महिला प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाया 15 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

### पीड़ित परिजन ने डीआईजी कार्यालय में लगाई गुहार



**छतरपुर।** ग्राम मझगुवां खुर्द थाना गुलगंज निवासी प्यारेलाल कुशवाहा ने अपनी नातिन के लापता होने की शिकायत डीआईजी कार्यालय में दर्ज कराते हुए आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनकी नातिन को नरेन्द्र कुशवाहा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, जिसका अब तक कोई पता नहीं चल सका है। प्यारेलाल कुशवाहा ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ पंजाब में मजदूरी का कार्य करते हैं, जबकि उनकी नातिन गांव में अपने भाई के साथ रहकर कक्षा 8वीं में पढ़ाई करती थी। बीते 15 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे वह स्कूल जाने की कहकर घर से निकली थी, लेकिन न तो वह स्कूल पहुंची और न ही वापस घर लौटी। रिश्तेदारी और आसपास के इलाकों में खोजबीन करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तब परिजनों ने गुलगंज थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी लड़की का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित दादा प्यारेलाल कुशवाहा ने शुक्रवार को डीआईजी कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा और उनकी नातिन की जल्द तलाश करने तथा आरोपी नरेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# साइकिल से दिल्ली रवाना हुए तीन श्रद्धालु, बागेश्वर धाम की पदयात्रा में होंगे शामिल



**छतरपुर।** धर्म और एकता का संदेश लेकर छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रामपुर कटरा निवासी दिलेश्वर पटेल अपने दो साथियों मुकेश दुबे और दानी राठिया के साथ साइकिल से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। यह यात्रा वे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की आगामी 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक निकलने वाली पदयात्रा में शामिल होने के उद्देश्य से कर रहे हैं।दिलेश्वर पटेल ने बताया कि वे तीनों साथी प्रतिदिन सुबह लगभग 9 बजे से साइकिल यात्रा शुरू करते हैं और दिनभर में करीब 100 से 110 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। उनका लक्ष्य है कि 8 दिनों में लगभग 650 किलोमीटर की दूरी पूरी कर दिल्ली पहुंचें। अभी उन्होंने 8 दिनों में लगभग 650 की यात्रा पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं में एकता की कमी के कारण धर्म परिवर्तन जैसी घटनाएं हो रही हैं। हम पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा में शामिल होकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाना चाहते हैं। दिलेश्वर ने बताया कि उन्होंने अभी तक बागेश्वर धाम के दर्शन नहीं किए हैं, लेकिन पदयात्रा के बाद वहां पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन करने का संकल्प लिया है। यात्रा के दौरान वे छतरपुर शहर के एक मंदिर में रात्रि विश्राम किया और अगले दिन सुबह फिर आगे की यात्रा पर निकल पड़ेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

### कांग्रेस कार्यालय में नेताओं ने की पुष्पांजलि अर्पित



**छतरपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में शुक्रवार को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा देश के प्रथम गृहमंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव के नेतृत्व में किया गया, जहां दोनों महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी जी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, निडरता और नेतृत्व क्षमता से पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश का निर्माण कराया। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत गणराज्य की मजबूत नींव रखी। दोनों ही नेताओं का योगदान देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यालय प्रभारी सरमन लाल मिश्रा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी, अशोक मिश्रा, पार्षद शिव सिंह यादव, आईटी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपांशु रंजन यादव, अभिलेख खरे, हर नारायण यादव, रमेश द्विवेदी, अवधेश सोनकिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, अजय अवस्थी, धर्मेंद्र त्रिपाठी, राजेश असाटी, सुरेंद्र मिश्रा, नरेश पटेल, अश्विनी मिश्रा, आनंद ताम्रकार, विजय अनुरागी, राज बहादुर सिंह पाटन, दिलीप चढ़ार, लोकेंद्र चंदेल, मंगलदीप कुशवाहा, सुरेश रैकवार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे विद्युत कंपनी के सीनियर अधिकारी

### लगभग 15 सालों से संविलियन की आस लगाए बैठे विद्युत कर्मी

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत आयोग द्वारा वर्ष 2010 में ग्रामीण विद्युत सहकारी समिति मर्यादित लौड़ी का बिलय मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर में किए जाने के बाद 2012 में कंपनी ने 42 कर्मचारियों को अपात्र घोषित कर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं जिससे जानकारी लगने के बाद कर्मचारियों ने तत्काल कोर्ट की शरण ले ली कोर्ट की शरण लेने के बाद 2013 में कोर्ट ने कर्मचारियों को स्टे आर्डर देकर उनकी सेवाएं पुन बहाल कर दी वही इस बीच कई बार कर्मचारियों द्वारा अपने जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नेताओं से न्याय की गुहार भी लगाई मगर कर्मचारियों को सिर्फ निराशा हाथ लगी इंसाफ नहीं मिला कर्मचारी स्टे आर्डर मिलने पर कंपनी में काम करने को मजबूर रहे और उन्हें वेतन भी उनके मानदेय के हिसाब से नहीं मिल सका मगर कोर्ट की शरण लेने पर 2020 में जबलपुर की हाई कोर्ट की सिंगल बेंच से फैसला कर्मचारियों के पक्ष में आने के बाद कर्मचारियों में एक आसा की किरण दिखाई दी जिसमें कोर्ट ने सभी कर्मचारियों को पात्र घोषित कर कंपनी को निर्देशित किया कि वह तत्काल कर्मचारियों का संविलियन करे ।

### एनसीएल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



#### एनसीएल परिवार ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद

**सिंगरौली।** शुक्रवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), श्री आशुतोष द्विवेदी उपस्थित रहे । इसके साथ ही एनसीएल के जेसीसी सदस्य, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष व अन्य एनसीएल कर्मी भी उपस्थित रहे ।इस अवसर पर एनसीएल कर्मियों ने शपथ लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे। उन्होंने यह भी शपथ ली कि वे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों का अनुकरण करते हुए देश में एकता की भावना फैलाएंगे व देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अपना योगदान देंगे। एनसीएल के महाप्रबंधक (मानव संसाधन/कल्याण) श्री राजेश त्रिवेदी ने कंपनी मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। एनसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों एवं इकाइयों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर एनसीएल कर्मियों ने शपथ ली और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया एवं विभिन्न कार्यक्रम जैसे एकता दौड़ एवं अन्य का आयोजन भी किया गया।

# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**छतरपुर।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश निवेश कुमार जायसवाल के न्यायालय ने एक सनसनीखेज हत्या प्रकरण में फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों राजबहादुर उर्फ रम्मू कुशवाहा, बालकिशन उर्फ पुस्सू कुशवाहा और लखन कुशवाहा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी आरोपियों को धारा 302/34 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड, साथ ही धारा 201 भादवि के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### यह था मामला

अभियोजन के अनुसार दिनांक 21 फरवरी 2022 को मृतक रवि चौरसिया, निवासी बरिया मोहल्ला गढ़ीमलहरा, आरोपी राजबहादुर उर्फ रम्मू के साथ शाम करीब 7 बजे चारपहिया वाहन सीखने की बात कहकर गया था। बाद में जब उसकी बहन प्रीति चौरसिया ने संपर्क किया, तो उसने बताया कि वह छतरपुर में है और एक घंटे में लौट आएगा, लेकिन उसके बाद उसका फोन बंद हो गया और वह वापस नहीं आया। अगले दिन 22 फरवरी 2022 को ग्राम पथरिया के चौकीदार कल्ली को कुटनी डैम के पास एक अधजला शव मिला, जिसकी सूचना उसने थाना राजनगर को दी। जांच के दौरान मृतक की पहचान रवि चौरसिया के रूप में हुई। जांच में यह सामने आया कि मृतक और आरोपी राजबहादुर कुशवाहा के बीच एक वर्ष पूर्व विवाद हुआ था। पुरानी रंजिश के चलते राजबहादुर ने अपने साढ़ू बालकिशन उर्फ पुस्सू और साले लखन कुशवाहा के साथ मिलकर रवि चौरसिया की सुनियोजित हत्या की। आरोपियों ने पहले लाठी और कुल्हाड़ी से मारपीट कर रवि की हत्या की, फिर मफलर से गला दबाया और शव को कुटनी डैम के पीछे फेंककर पेट्रोल डालकर आग लगा दी ताकि पहचान छिपाई जा सके।
मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दीपक यादव द्वारा की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसे जिला स्तरीय समिति ने जघन्य एवं सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में शामिल किया। अभियोजन की ओर से प्रभारी उपनिदेशक प्रवेश कुमार अहिरवार ने सशक्त पैरवी करते हुए सभी साक्ष्य और गवाह न्यायालय में प्रस्तुत किए। विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी राजबहादुर उर्फ रम्मू, बालकिशन उर्फ पुस्सू और लखन कुशवाहा को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**कटनी**। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मज़बूती प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर शुक्रवार 31 अक्टूबर को ₹राष्ट्रीय एकता दिवस₹ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी सरकारी कार्यालयों में 31 अक्टूबर को ₹एकता दिवस₹ की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। एकता दिवस पर सभी पुलिस थाना स्तर पर प्रातः 8 बजे से ₹एकता दौड़₹ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ स्थानीय जन-प्रतिनिधियों के नेतृत्व में आम जनता की व्यापक भागीदारी से आयोजित की जाएगी।

### भवन अनुज्ञा के लंबित प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण

**कटनी**। निगमायुक्त तपस्या परिहार भवन अनुज्ञा प्राप्त करने हेतु कुल प्राप्त आवेदनों एवं लंबित आवेदनों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व भवन अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु प्लाट वेरिफिकेशन के दौरान वैध-अवैध कॉलोनी सहित मास्टर प्लान के निर्धारित पैरामीटर अनुरूप विभिन्न चरणों में की जाने वाली कार्यवाही एवं विकास शुल्क की गणना की जानकारी ली। वहीं बिना अनुमति एवं अनुमति विपरीत भवन निर्माण करने वालों पर की जाने वाली कार्यवाही से अवगत होते हुए शासन निर्देशानुसार कंपाउंडिंग की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

### रैली में छात्र- छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी**। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को निगम की सहयोगी संस्था ओम साई विजन की आईईसी टीम द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता के प्रति नागरिकों और बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12, स्थित अक्षर नंदन हायर सेकेंडरी स्कूल में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता के नारे लगाते हुए जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाया।इसके साथ ही शाला परिसर में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया जाकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें स्वच्छता की आदतें विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया और डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से कचरा पृथक्करण के बारे में जानकारी दी गई व अलग-अलग कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

### सेवानिवृत्त दो पंचायत सचिवों को दी गईं विदाई

**स्लीमनाबाद**। बहोरीबंद जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सलैया कुआँ में पदस्थ पंचायत सचिव कुसुम परौहा ओर ग्राम पंचायत मझगवाँ में पदस्थ सचिव गोपाल सिंह ठाकुर अपनी शासकीय नौकरी पूर्ण कर 30 अक्टूबर गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गये!सेवा निवृत्त होने विदाई कार्यक्रम जनपद सभागार बहोरीबंद मै आयोजित किया गया जहाँ ग्राम पंचायत सचिवों व रोजगार सहायको के द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, राजभान हल्दकार, मनीष मिश्रा, धूप सिंह पटेल सहित ग्राम पंचायतो के सचिव व रोजगार सहायको की उपस्थिति रही।

### प्रकाश पर्व पर भव्य प्रभात फेरी का आयोजन

**कटनी**। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देवजी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर कटनी में एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री गुरु संगत सचखण्ड दरबार साहिब, बाबा नारायण शाह वार्ड द्वारा किया जा रहा है।

# नौ सेना प्रमुख अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

### रीवा की धरा में थल सेना अध्यक्ष व नौसेना प्रमुख का दिल से अभिनंदन है

### डिप्टी सीएम ऐसे बनें कि दूसरे आप पर भरोसा करें

### जनरल उपेन्द्र द्विवेदीखेल के माध्यम से चरित्र का निर्माण होता है

रीवा












सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रतियोगिता 2025 का समापन हुआ। विजेता एवं उप विजेता टीमों को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी प्रदान की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जीत हार से ज्यादा जरूरी है खेल भावना से खेलों में भाग लेना। हार से परेशान नहीं होना चाहिए वरन जीतने के लिए पूरे प्रयास कर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। सैनिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के लिये आज का दिन ऐतिहासिक है जबकि देश की सेना के दो प्रमुख सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र यहां उपस्थित हैं और उनके हांथों से विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कार मिला है। रीवा एवं विन्ध्य की धरा में दो सेना नायकों का दिल से अभिनंदन है। आज रीवा सैनिक स्कूल का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया है। रीवा की पहचान सफेद शेर व सोलर प्लांट से है लेकिन रीवा की पहचान अब यह है कि देश के तीन सेना प्रमुखों में से दो रीवा के हैं और एक ही स्कूल के सहपाठी भी हैं। शुक्ल ने कहा कि हम सबकी इच्छा थी कि दोनों प्रमुख एक साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहें आज सौभाग्य शाली दिन है जब दोनों सेना प्रमुख एक साथ उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के हीरो हैं हमारे सेना नायक और हमें उन पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने शौर्य, पराक्रम व आक्रमण का परिचय देते हुए दुश्मनों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया था और भारत की आधुनिक रक्षा प्रणाली का प्रदर्शन देखने को मिला था। इस अवसर पर नौ सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि खेल चरित्र निर्माण के माध्यम है। मैदान में केवल खेल नहीं वह जीवन की दिशा दिखाते हैं। रीवा सैनिक स्कूल में आने पर मुझे हमेशा गर्व का अहसास होता है। गुरूजनों द्वारा दी गई शिक्षा व अनुशासन ने ही हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। रीवा का सैनिक स्कूल राष्ट्रीय पहचान बन चुका है। नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले कैडेट्स पूरे दृढ़ निश्चय व मनोयोग से अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़े और नित नई सफलताएं प्राप्त करें। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 540 विद्यार्थियों में 201 लड़कियाँ भी थीं। एडमिरल श्री त्रिपाठी ने कहा कि उद्देश्य, संयम और निरंतर प्रयास से ही हम विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा कर पायेंगे। कार्यक्रम में थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि ऐसे बनें कि दूसरे आप पर भरोसा करें। खेल के मैदान का अनुशासन व देश के प्रति समर्पण भाव से नागरिक सेवा का आधार बनते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों व कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं अपने विद्यालय में उपस्थित हूँ। आज एकता दिवस भी है तथा एक नवम्बर को हमारा मध्यप्रदेश अपना 70वां स्थापना दिवस भी मनायेगा। उन्होंने रीवा व विन्ध्य की धरा के उन पूर्व सैनिकों का स्मरण किया जिन्होंने देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी। जनरल द्विवेदी ने कहा कि वीरता व समर्पण को आने वाली पीढ़ी याद रखेगी और युवाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि मैं जब भी असमंजस में होता हूँ तब मुझे मेरे शिक्षकों की सीख काम आती है। उन्होंने कैडेट्स से शारीरिक व मानसिक तौर पर सुदृढ़ रहने की बात कही। जनरल द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय के जीवन मूल्यों ने मुझे आगे बढ़ाया। आप सबके आशिर्वाद से मुझे चुनौतियों का सामना करने का संबल मिला। उन्होंने अपने कर्तव्य पर दृढ़ निश्चय रहकर आत्मनिर्भर देश के निर्माण की बात कही।इससे पूर्व सेना प्रमुखों व अतिथियों का सैनिक स्कूल रीवा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सफेद शेर की प्रतिकृति थल सेना अध्यक्ष व नौ सेना प्रमुख को भेंट की। सेना प्रमुखों ने भी उप मुख्यमंत्री को ब्राम्होस एवं शिपमाडल की प्रतिकृति भेंट की। नौ सेना प्रमुख ने सैनिक स्कूल को दो लाख रूपये की चेक भी प्रदान किया। आभार प्रदर्शन करते हुए सैनिक स्कूल में आयोजित नेशनल गेम्स के बारे में जानकारी प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने दी। उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल रीवा में आयोजित नेशनल खेल-2025 में बास्केटबाल जूनियर में विजेता सैनिक स्कूल कपूरथला व उप विजेता सैनिक स्कूल झुंझनू रहे। जबकि जूनियर वर्ग में विजेता घोघापाल एवं सैनिक स्कूल विकासा रहे। इसी प्रकार वालीबाल में विजेता सैनिक स्कूल नालंदा, उप विजेता झुंझनू एवं एथलेटिक्स में विजेता अमरावती नगर व उप विजेता खाराखेरी रहे। सांस्कृतिक आयोजन प्रतियोगिता में विजेता का पुरस्कार सैनिक स्कूल चन्द्रपुर व उप विजेता का पुरस्कार पुंगलवा गोलपावा को मिला। जबकि ओवर आल ट्राफी सैनिक स्कूल झुंझनू को प्राप्त हुई। कार्यक्रम में सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि, सैनिक स्कूलों के प्राचार्य, आफीसियल्स, छात्र-छात्राएँ तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र घूमा में भूखंड आवंटन के लिए आवेदन पत्र आज से 15 तक

**रीवा**। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीवा जिले के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र घूमा में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया है। इच्छुक उद्यमी एक नवम्बर प्रातः 11 बजे से 15 नवम्बर को शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क पाँच हजार रुपए है, जो वापस नहीं होगा। ईओआई जमा करने से पहले आवेदक का विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर संबंधित विवरण के साथ पंजीकृत होना अनिवार्य है। आवेदन भूखंड के आरक्षित प्रीमियम के 25 प्रतिशत अग्रिम राशि के भुगतान के साथ ही मान्य होगा। भूखंडों का अंतिम आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। निविदा, प्रक्रिया एवं तकनीकी शर्तों जैसे विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। यह आमंत्रण उन गंभीर निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो रीवा जिले के घूमा औद्योगिक क्षेत्र में अपनी इकाइयाँ स्थापित या विस्तारित करना चाहते हैं।

### विंध्य की धरती पर पहुंचे थलसेना व जलसेना अध्यक्ष, 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आधारित प्रतिमा का हुआ अनावरण



**रीवा**। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा सैनिक स्कूल गेट पर स्थापित 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम आधारित प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। यह ऐतिहासिक अवसर तब और भी गौरवशाली बन गया जब विंध्य के सपूत, ऑपरेशन सिंदूर के नायक एवं थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा जलसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी एक साथ रीवा की पावन धरती पर उपस्थित रहे। प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी एवं जलसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी एवं सांसद जनार्दन मिश्रा, गणेश सिंह की विशेष उपस्थित में संपन्न हुआ। भारतीय सेना के अदम्य साहस, नेतृत्व और देशभक्ति के भाव को समर्पित 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षदगण, संभागीय आयुक्त बी.एस. जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, प्रभारी निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर, निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह सहित जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पशु नस्ल सुधार के साथ ही पशुपालन विभाग की योजनाओं का नियत समय में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित

### कलेक्टरकार्य में लापरवाही बरतने वाले विभाग के पाँच अधिकारियों को कलेक्टर ने निलंबित करने के दिए निर्देश



**रीवा**। कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पशु नस्ल सुधार के तहत कृत्रिम गर्भाधान अभियान तथा पशुपालन विभाग की योजनाओं का नियत समय में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए जागरूक करने के साथ ही अन्य योजनाओं से जागरूक कराएं। कलेक्टर ने बैठक में लापरवाही बरतने वाले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उमेश शुक्ला, राजीव शुक्ला, अंकित कारपेंटर एवं मुन्नालाल कोल को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगेव में पदस्थ पशुचिकित्सक डॉ रत्नेश सिंह के निलंबन का प्रस्ताव कमिश्नर रीवा संभाग को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य को संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पूरा करें। आगामी 15 दिनों बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो गौ मित्र कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें भी हटाया जाए तथा गौ मित्रों को प्रशिक्षण दिलाया जाए। कलेक्टर ने गौवंश में गर्भ परीक्षण व वत्स्योत्पन की प्रवृष्टि नियत पोर्टल में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान अभियान में व्यक्तिगत रूप से जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रगति 10 प्रतिशत से कम है उन्हें नोटिस जारी करें तथा सभी को प्रति दिवस का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के लिए निर्देशित करें। बैठक में दुग्ध सम्पर्क अभियान के दौरान पशुपालकों से विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए संपर्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभियान में पशुपालकों को पशुधन से लाभ व दुग्ध समृद्धि के लिए जागरूक किया गया। बैठक में उप संचालक पशुपालन डॉ डीपी सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान पशु चिकित्सक तथा जिले के विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने दिलाई एकता और अखण्डता की शपथ

**रीवा**। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों-कर्मचारियों को देश की एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को एकता व अखण्डता की शपथ दिलाई गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कृषि उपज मण्डी रीवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कार्यालय रीवा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड त्योंथर, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा, जल संसाधन विभाग, संभागीय आईटीआई, संभागीय पशु चिकित्सा कार्यालय में भी अधिकारियों-कर्मचारियों को देश की एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ-साथ अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्षेत्रीय संचालक खनि, संयुक्त संचालक कार्यालय नगरीय विकास, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, संयुक्त संचालक कौशल विकास विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा, संभागीय उपायुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु, संभागीय आयुष कार्यालय, एमपीआईडीसी, संयुक्त संचालक उद्यान कार्यालय में भी एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई गई।

निजी हॉस्पिटल का एक और कारनामा उजागर

# डॉक्टरों की लापरवाही से तीन माह के मासूम की जान गई स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले में मेडिकल माफियाओं का राज

रीवा।



मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल में हुई एक तीन माह के मासूम की मौत ने प्रदेश की डगमगाई स्वास्थ्य व्यवस्था और बढ़ते मेडिकल माफिया के प्रभाव की परतें खोल दी हैं। परिजनों के स्पष्ट मना करने के बावजूद डॉक्टरों ने अपने अवैध आर्थिक हितों की पूर्ति के लिए बच्चे का दिल का ऑपरेशन कर डाला और उसी दौरान उसकी सांसें हमेशा के लिए थम गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टर धर्मेश पटेल और उनकी टीम ने मोटे बिल की वसूली के लालच में मेडिकल एथिक्स को दरकिनार कर दिया। परिवार ने बार-बार कहा कि बच्चा बहुत छोटा है, इलाज दवाओं से हो सकता है, लेकिन डॉक्टरों ने डर दिखाकर उन्हें झांसे में ले लिया। ऑपरेशन के दौरान बच्चे की हालत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह मौत मेडिकल माफिया की बेदर्दी और लालच का परिणाम है। उनका कहना है कि हमने डॉक्टरों से कहा था कि बच्चा छोटा है, ऑपरेशन मत कीजिए, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर आज नहीं किया तो कल बच्चा नहीं रहेगा। कुछ ही घंटे बाद हमारे लाल की सांसें थम गई। घटना के बाद परिवार ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर हत्या और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है ऐसी घटनाएं नई नहीं हैं हाल ही में छिंदवाड़ा में मासूम बच्चों की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। वहीं, रीवा, जबलपुर और भोपाल में भी पिछले महीनों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां डॉक्टरों की लालच भरी लापरवाही ने मासूमों की जान ले ली, परंतु हर बार प्रशासन ने जांच जारी है कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और निजी अस्पतालों के बढ़ते नेटवर्क ने मिलकर एक ऐसा मेडिकल माफिया तंत्रबना दिया है, जिसके सामने आम आदमी असहाय है। प्रशासन हर बार कार्रवाई का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि कागजों में दर्ज पंक्तियों के आगे अब तक कोई ठोस कदम नहीं बढ़ा।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न



**रीवा**। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेकर दृढ़ इच्छा के साथ लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों का विलय कराया। उनके इस फौलादी निर्णय से ही उन्हें लौह पुरूष कहा जाता है। उप मुख्यमंत्री समान चौराहा रीवा में आयोजित विचार गोष्ठी में शामिल हुएलौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने श्री पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। विचार गोष्ठी में शुक्ल ने कहा कि हमें लंबे संघर्ष के बाद आजादी प्राप्त हुई। सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके इस निर्णय से देश में एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त हुआ। शुक्ल ने कहा कि हमारा देश आने वाले समय में विश्वगुरू बनकर विश्व का नेतृत्व करेगा और सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। आज रीवा के लिए गर्व का दिन है जबकि देश की सेना के दो महानायक यहाँ हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि आगामी वर्ष में एकता दिवस के अवसर पर समान चौराहा में और भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल का कृतित्व हमेशा अमर रहेगा। उनके यश, पौरूष को इतिहास हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संभ्रांतजन उपस्थित रहे।

# एक नवम्बर को मनाया जायेगा छात्रावास दिवस, छात्रावास/आश्रम शालाओं में साफ-सफाई रखने व विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश

रीवा

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एक नवम्बर को छात्रावास दिवस मनाया जाता है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति बालक एवं कन्या छात्रावास व आश्रम शालाओं में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने सहित छात्रावास दिवस में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा पालक समिति के सदस्यों को छात्रावास/आश्रम शालाओं में आमंत्रित करें। खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने तथा सहभोज आयोजन के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, रंगाई-पोताई एवं मरम्मत कार्य कराने व वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिये हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी छात्रावासों तथा आश्रम शालाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। सभी नोडल अधिकारी छात्रावास दिवस में संस्था में उपस्थित होकर आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे तथा की गयी कार्यवाही का प्रतिवेदन 5 नवम्बर को कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

# प्रदेश स्थापना दिवस आज, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि, कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**रीवा**। प्रदेश स्थापना दिवस आज एक नवम्बर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि एक नवम्बर को जिले भर में पूरे उल्लास के साथ प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजनों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर जिले की उपलब्धियों और उत्कृष्ट कार्यों तथा स्वसहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में एक नवम्बर की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों में प्रदेश के गौरव और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराकर विद्यार्थियों को स्थापना दिवस कार्यक्रम से जोड़ें। जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिले और प्रदेश के विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करें। सभी अधिकारी प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। स्थापना दिवस समारोह के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी, कृषि, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जिला उद्योग केन्द्र, डेयरी विभाग, जिला पंचायत, पशुपालन, पीएचई, जल निगम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# हनुमना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स एवं गांजा की बिक्री कर रही महिला को किया गिरफ्तार




**मऊगंज**। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपुत तथा उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज हेमंत चौहान द्वारा चलाये गये आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के निर्देशन मे , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज विक्रम सिह , एसडीओपी मऊगंज श्रीमती सचि पाठक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व मे थाना हनुमना पुलिस स्टाफ ने अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स एवं गांजा की बिक्री कर रही महिला को गिरफ्तार किया गया घटना के बारे मे बताया गया कि दिनांक 30.10.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नैया डैम पुलिया के पास ग्राम नैया की एक महिला जो हरे रंग की साड़ी पहने है अपने हाथ मे काले रंग की प्लास्टिक की पन्नी मे अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं अवैध नशीला कफ सिरप लेकर बिक्री करने के लिए खड़ी है यदि तत्काल कार्यवाही नही की जाती है तो अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं अवैध नशीली कफ सिरप बेच देगी , छिपा देगी या खुर्दबुर्द कर देगी । मुखबिर की सूचना पर हनुमना पुलिस तत्काल नैया डैम पुलिया के पास पहुचकर उक्त महिला को पकड़कर हाथ मे लिये काली पन्नी की तलाशी ली गई जिसमे 750 ग्राम गांजा तथा 25 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद हुई । मौके पर कार्यवाही कर अवैध गांजा तथा नशीली कफ सिरप को जप्त कर महिला को धारा 8,20बी, 21,22,29 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय मे जे.आर. पर पेश किया गया है ।